करनाल में तीसरी हॉकी इंडिया महिला चैंपियनशिप

जूनियर वर्ग में टाटा ओडिशा ने जीती प्रतियोगिता

करनाल, 23 नवंबर (हप्र)

3rd HOCKEY INDIA WOMEN CHAMPIONSHIP 2025
Presented By : Jai Bharat Hockey

करनाल में विजेता खिलाड़ियों के साथ रविवार को मुख्य अतिथि व राष्ट्रीय खिलाड़ी। -हप्र

टिकरी, करनाल स्थित नव-निर्मित हॉकी स्टेडियम में रविवार तीसरी हॉकी इंडिया महिला चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। 15 से 23 नवंबर तक चले इस आयोजन का समापन नवल टाटा ओडिशा और राउंडग्लास पंजाब के बीच खेले गए फाइनल मैच के साथ हुआ।

इसके अलावा जय भारत हॉकी और दिल्ली टीम के बीच भी एक मुकाबला आयोजित किया गया। इस अवसर पर हॉकी जगत की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के पीए दीपक शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार हर महिला खिलाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर अवसर प्रदान कर रही है और भविष्य में और भी लाभकारी खेल योजनाएं लाई जाएंगी। हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के सदस्य कपिल अत्रेजा ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि करनाल स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टेडियम तैयार किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय कोच नरेंद्र गौतम ने युवा खिलाड़ियों के लिए इस टूर्नामेंट को अत्यंत लाभदायक बताया। अंतर्राष्ट्रीय कोच गुरविंदर सिंह ने कहा कि यह मंच कोचों के लिए भी समान रूप से लाभकारी है। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रीतू रानी ने अधिक से अधिक लड़कियों से खेलों में भाग लेने का आग्रह किया। भारतीय चयनकर्ता बलविंदर शम्मी ने भविष्य की भारतीय टीम के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया।

कार्यक्रम में पूर्व भारतीय कप्तान रीतू रानी, हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष सुनील मलिक, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपिका ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय कोच गुरविंदर सिंह, मुख्य कोच आजाद सिंह, कोच गौतम सर, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता राजेंद्र सिंह, हरियाणा के पहले ओलंपिक खिलाड़ी संजीव डांग, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बलविंदर सिंह शम्मी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। यह चैंपियनशिप हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित की गई थी।

आयोजन सचिव सुभाष चौहान ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि करनालवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि इतना उच्च स्तरीय आयोजन यहां संपन्न हुआ, जिसमें देशभर की 33 टीमों ने भाग लिया।

जूनियर वर्ग के फाइनल में टाटा ओडिशा और राउंड ग्लास पंजाब के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। प्रथम स्थान टाटा ओडिशा, द्वितीय स्थान राउंडग्लास पंजाब, तृतीय स्थान घुम्मनहेड़ा, दिल्ली। सब-जूनियर वर्ग के फाइनल में हिसार की टीम ने विजय हासिल की। द्वितीय स्थान खालसा अकादमी, पंजाब, तृतीय स्थान प्रीतम सिवाच अकादमी, सोनीपत।

कैथल की अदालतों में आज कामकाज रहेगा बंद

कैथल, 23 नवंबर (हप्र)

गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस और सर छोटू राम जयंती के उपलक्ष्य में 24 नवंबर को कैथल की अदालतों में कामकाज बंद रहेगा। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर ने देश की आन बान शान के लिए बलिदान दिया।

वे ताउम्र समाज सेवा करते रहे व सामाजिक बुराइयों से लड़ते रहे। इसी प्रकार सर छोटू राम ने भी देश के किसानों की लड़ाई के साथ शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन दोनों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए 24 नवंबर को अदालतों में वर्क सस्पेंड रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दिन कोई भी वकील अदालतों में पेश नहीं होगा। हर अदालत के बाहर एक प्रोक्सी काउंसिल नियुक्त किया जाएगा, जो 24 नवंबर के केसों में आगे की तारीख लेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई वकील अदालतों में पेश हुआ तो उसे पर 11000 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

श्री अरोड़ वंश सेवा सदन के शिलान्यास में पहुंचे सांसद बराला

रतिया, 23 नवंबर (निस)

रतिया में श्री अरोड़ वंश सेवा सदन का भूमि पूजन करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला व पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल। -निस

रविवार को श्री अरोड़वंश महासभा रतिया के तत्वावधान में शहर के फ़तेहाबाद रोड पर बनने वाले श्री अरोड़ वंश सदन की भूमि पूजन व आधारशिला परमश्रद्धेय संत बाबा हंसदास व महामंडलेश्वर स्वामी राघव देव महाराज की उपस्थित में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन हरकोफड वेद फुलां, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, समाजसेवी राजबख्श अरोड़ा, आजाद सचदेवा अध्यक्ष व श्री अरोड़वंश सभा रतिया के अध्यक्ष राजपाल ग्रोवर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम की शुरुआत श्री सुखमणि साहब के पाठ के साथ हुई, इसके पश्चात शबद कीर्तन हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का अरोड़वंश सभा के प्रधान राज्यपाल ग्रोवर, एडवोकेट सतपाल सेठी, एडवोकेट दविंदर ग्रोवर, खेमचंद मोंगा व सभा के अन्य सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि अरोड़ वंश सभा द्वारा हमेशा समाज सेवा के उल्लेखनीय कार्य किए जाते हैं।

सभा द्वारा रतिया में जो सेवा सदन बनाया जा रहा है, यह रतिया क्षेत्र व आसपास के अन्य गांवों के लोगों के काम आएगा। उन्होंने इसके लिए अरोड़ वंश सभा के प्रधान राजपाल ग्रोवर और व अन्य सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर अरोड़ वंश सभा के अध्यक्ष राजपाल ग्रोवर ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

धर्मशाला निर्माण के लिए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने सांसद निधि कोष से 21 लाख व 11 लाख रुपये डी प्लान से दिलवाने की घोषणा की। वहीं इस अवसर पर अरोड़वंश सभा फ़तेहाबाद के अध्यक्ष आजाद सचदेवा ने फ़तेहाबाद सभा की ओर से 2 लाख 51000 रुपये व 1 लाख रुपये राजबख्श अरोड़ा ने सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में गुरु का टूट लंगर भी बरताया गया।

सेंट थॉमस विद्यालय में 59वें खेल उत्सव का समापन

जगाधरी स्थित सेंट थॉमस स्कूल में आयोजित खेल उत्सव में विजयी विद्यार्थी। -हप्र

जगाधरी, 23 नवंबर (हप्र)

शनिवार को संत थॉमस विद्यालय में कक्षा 7वीं एवं 8वीं के बच्चों के खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में मैरियन पोर्चीएस एवं ऑस्ट्रेलिया से आए अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर चंदना लाल और आयोजिका का पुष्पहार एवं बैंड की मधुर ध्वनि से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी मैक्यून एवं जोइस मैम ने मंच संचालन किया। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों के विजेताओं ने मशाल लेकर पूरे खेल मैदान का चक्कर लगाकर इसे स्थापित किया। प्रधानाचार्या डॉक्टर चंदना लाल ने कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। प्रारंभ में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथियों द्वारा ने रंग-बिरंगे गुब्बारे को आसमान में उड़ाकर खेल दिवस का प्रारंभ किया गया। खेल दिवस में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, बाधा दौड़, हाप रेस, एनसीसी की परेड बैंड, नृत्य एवं विद्यालय की चारों टीमों द्वारा परेड शामिल थे।

खेल दिवस में अनेक प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थी विजेताओं ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया और कुल अंकों के आधार पर ब्लू टीम प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान रेड टीम, तृतीय स्थान ग्रीन टीम तथा येलो टीम चौथे स्थान पर रही।

हवन-यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है : गिल्लांखेड़ा

फतेहाबाद, 23 नवंबर (हप्र)

सर्वश्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर में आयोजित श्री शतचंडी हवनात्मक महायज्ञ और रुद्र यज्ञ में पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने माता सत्यम देवा के साथ विधिवत पूजन कर यज्ञ में आहुति डाली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन वेद-शास्त्रों में हवन को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन और पर्यावरण की शुद्धि का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक माध्यम बताया गया है। हवन की अग्नि में अर्पित की जाने वाली सामग्रियां वातावरण को रोगाणुओं से मुक्त कर उसे ऊर्जा और पवित्रता से भर देती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा विश्व कल्याण का संदेश दिया है और यज्ञ उसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। पूर्व विधायक ने मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सामूहिक एकता, धार्मिक आस्था और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख सेवादार संजय शर्मा, मंदिर ट्रस्ट के प्रधान संजय आहूजा, रिंकू खन्ना, रमेश असीजा, साहिल, जगदीश दरियापुर, बंसीलाल कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

फतेहाबाद में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा को सम्मानित करते माता सत्यम देवा व अन्य। -हप्र

चार साल से मां बनभौरी धाम पर जा रही निःशुल्क बस : कैलाश सिंगला

नरवाना में लाला धर्मपाल सिंगला की स्मृति में बनभौरी धाम के लिए 48वीं निःशुल्क बस यात्रा के दौरान श्रद्धालु। -निस

नरवाना, 23 नवंबर (निस)

लाला धर्मपाल सिंगला की स्मृति में चलाई जा रही 48वीं निःशुल्क मां बनभौरी धाम यात्रा आज अग्रवाल जन जागरण मंच नरवाना के तत्वावधान में संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्था के प्रधान रोहतास सिंगला ने बताया कि यह यात्रा हर महीने की अमावस्या के बाद आने वाले पहले रविवार को होती है। यात्रा में जाने वाले भक्त अपनी सीट बुक करवा सकते हैं। यह यात्रा निःशुल्क करवाई जाती है।

उन्होंने कहा कि चार वर्षों से संस्था द्वारा यह एक पुनीत कार्य किया जा रहा है, जिससे भक्तजन मां बनभौरी धाम के दर्शन कर सकेंगे। स्व. लाला धर्मपाल सिंगला के पुत्र समाजसेवी एवं जयराम अस्पताल के प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया कि माता रानी के दर्शन करवाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है और बनभौरी धाम तो हमारा पैतृक धाम है। बनभौरी धाम के लिए रवाना हुए सदस्यों ने कहा कि सिंगला परिवार द्वारा किए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक कार्य प्रशंसनीय हैं। यात्रा में सचिव दीपक सिंगला, कोषाध्यक्ष पवन मित्तल, देवी राम गर्ग, राजकुमार गर्ग, कृष्ण गर्ग, गर्वित सिंगला, चिराग, केशव, अंकित, सूरज गर्ग सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

बेसहारा गौवंश को लेकर गौशाला प्रतिनिधियों की मीटिंग 26 को

पानीपत 23 नवंबर (हप्र)

पानीपत जिला में बेसहारा घूम रहे गौवंश को स्वेच्छा से गौशालाओं में लेने व नस्ल सुधार को लेकर हरियाणा गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग 26 नवंबर को पानीपत शहर की जीटी रोड स्थित श्री गौशाला सोसाइटी कार्यालय में जिलाभर की गौशालाओं के प्रतिनिधियों की मीटिंग लेंगे। इस दौरान चेयरमैन श्रवण गर्ग गौशालाओं के प्रतिनिधियों की समस्याओं को भी सुनेंगे। यह जानकारी रविवार को गौशाला महासंघ के जिला अध्यक्ष एवं सिवाह गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान, महासंघ के प्रदेश संयोजक कुलबीर खर्ब व सिवाह गौशाला के महासचिव राजबीर कादियान ने मीडिया से बात करते हुए दी। उन्होंने कहा कि पानीपत जिलाभर में एक हजार से भी ज्यादा बेसहारा गौवंश सड़कों पर घूम रहा है। चेयरमैन श्रवण गर्ग पानीपत जिला की गौशालाओं के प्रधानों एवं अन्य पदाधिकारियों से स्वेच्छा से बेसहारा गौवंश को अपनी-अपनी गौशालाओं मे रखने की अपील करेंगे। रविंद्र कादियान ने बताया कि जिला की गौशालाओं में नस्ल सुधार को लेकर सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों को भी चेयरमैन गौशाला प्रतिनिधियों से साझा करेंगे। इसके बाद चेयरमैन श्रवण गर्ग नस्ल सुधार को लेकर सिवाह व नौल्था गौशाला का दौरा करेंगे।

खबर है...

बर्फानी सेवा मंडल ने किया गुरु तेग बहादुर की शहीदी यात्रा का स्वागत

कैथल में यात्रा के स्वागत के लिए खड़े मंडल के सदस्य। -हप्र

कैथल (हप्र) : बर्फानी सेवा मंडल कैथल की ओर से गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी यात्रा नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। मंडल के सदस्यों ने पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग बिट्टू ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने अपना संपूर्ण जीवन एवं समस्त परिवार को भारत देश की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका संपूर्ण जीवन मानव रक्षा में बीता। देश को ऐसे संत गुरुओं पर नाज है।

कल्याण के मार्ग पर चलना तपस्या : अरविंद शर्मा

पानीपत में कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा। -वाप्र

पानीपत (वाप्र) : सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने व आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका सरल नहीं है। आमजन के कल्याण के मार्ग पर चलना तपस्या है। वे रविवार को गांव थिराना स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञान मानसरोवर केंद्र के 12वें वार्षिकोत्सव अवसर पर बोल रहे थे। अरविंद शर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान व कल्याण के लिए परिवार का त्याग करना वर्तमान समय में बड़ा कदम है। देश व समाज को मजबूत बनाने के लिए ज्ञान मानसरोवर केन्द्र की तरफ जो कदम उठाए जा रहे हैं, उससे आमजन के जीवन में सरलता आती है। कैबिनेट मंत्री ने आमजन हित कार्यों के लिए स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर राजयोगिनी सरला दीदी, कैम्पस निदेशक भारत भूषण, बिंदु दीदी, निपुण भाई, रक्षा दीदी, बलबीर बहन, रानी दीदी, स्नेह दीदी समेत अभिभावक भी उपस्थित रहे।

घरौंडा के गांव पुंडरी के साहिल त्यागी ने कुश्ती में जीता गोल्ड

घरौंडा, 23 नवंबर (निस)

घरौंडा के पुंडरी गांव में साहिल त्यागी का स्वागत करते ग्रामीण। -निस

घरौंडा के गांव पुंडरी के 8वीं कक्षा के छात्र साहिल त्यागी ने हरिद्वार में आयोजित नेशनल ग्रेपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। 70 किग्रा भार वर्ग में साहिल ने अपने प्रतिद्वंद्वी को महज 58 सेकेंड में ही चित कर दिया। रविवार को गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा साहिल का जोरदार स्वागत किया गया। साहिल की मानें तो वह देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना चाहता है और आने वाले दिनों में जर्मनी में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। घरौंडा के गांव पुंडरी निवासी साहिल त्यागी कैथल जिला के पुंडरी में स्थित गुरुकुल में 8वीं कक्षा में पढ़ता है। उसने हरिद्वार में 14 से 16 नवंबर तक हुई कुश्ती में हिस्सा लिया था। नेशनल लेवल पर आयोजित इस कुश्ती प्रतियोगिता में 22 राज्यों की टीमों ने हिसा लिया था। कुश्ती में उसने राजस्थान के पहलवान को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इससे करीब तीन महीने पहले गोहाना के अंदर स्टेट लेवल की कुश्ती प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें उसने गोल्ड जीता था। साहिल ने बताया कि अब वह जर्मनी में इंटरनेशन लेवल पर खेलेगा।

साहिल ने बताया कि वह स्कूल में ही लगभग पांच महीने से कुश्ती की प्रेक्टिस करता आ रहा है। रिटायर्ड सूबेदार आरके त्यागी, नीरज त्यागी व अन्य ने कहा कि बच्चे ने नेशनल लेवल पर गांव और प्रदेश का नाम रोशन किया है। साहिल के पिता संजीव त्यागी का कहना है कि बेटे ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेटा इंटरनेशनल लेवल पर भी देश का नाम रोशन करेगा।

यमुनानगर में जायटा टेनिस लीग का भव्य समापन

DATE: 21-23 NOVEMBER 2025
VENUE: TEJLI SPORTS COMPLEX, YAMUNA NAGAR

यमुनानगर के तेजली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -हप्र

यमुनानगर, 23 नवंबर (हप्र)

तेजली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, यमुनानगर में आज जायटा टेनिस लीग का फाइनल बेहद रोमांचक और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ संपन्न हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे कोर्ट में खिलाड़ियों ने शानदार कौशल और ज़बरदस्त प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। आज खेले गए फाइनल मुकाबले में जेएसवी ओबेरॉय टाइगर्स और शौर्य हाईवे स्मैशर्स आमने–सामने हुए। कड़े संघर्ष के बाद शौर्य हाईवे स्मैशर्स ने 2-1 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए मुकाबले में यमुना मैवरिक्स ने ओरिएंटल आर्सेनल को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि यमुनानगर के उपायुक्त पार्थ गुप्ता रहे, जिन्होंने विजेता व उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

‘संत निःस्वार्थ होते हैं, उनकी कोई जाति नहीं’

करनाल में डॉ. अरविंद शर्मा रविवार को धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए। -हप्र

करनाल (हप्र) : सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि संत जीवन मानव कल्याण के लिए होता है। संत कबीरदास, संत गरीबदास की वाणियां न केवल जीवन में सरलता लाती हैं, अपितु हमें मिलकर देश और समाज को मज़बूत बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गांव मूनक स्थित श्री साहेब प्रेमदास आश्रम में सतगुरु साहेब प्रेमदास महाराज की स्मृति में आयोजित 35वें विशाल संत सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि संत निःस्वार्थ होते हैं, उनकी कोई जाति नहीं होती। संत सत्संग के माध्यम से समाज में धर्म भावना की अलख को जाग्रत करते हैं। इस अवसर पर संत विजेंदर दास महाराज, संत रविन्द्र दास महाराज, संत सुरेशानंद महाराज, संत जितेन्द्र दास महाराज एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तीन व्यक्तियों से हथियारों का जखीरा बरामद

फतेहाबाद (हप्र) : ऑपरेशन ट्रैक डाउन में पुलिस बहुतायत में जिले से अवैध हथियार कर रही है। आमतौर पर शांत माने जाने वाले जिला फतेहाबाद में लगातार अवैध हथियारों की बरामदगी कई सवाल खड़े कर रही है। याद रहे कि लुधियाना पुलिस द्वारा भिरड़ाना से गिरफ्तार अजय से भी दो पिस्टल बरामद किए गए हैं। गत 5 नवंबर से शुरू किए गए ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत जिला पुलिस 22 नवंबर तक 15 पिस्तौल, 1 गन, 2 चाकू, 2 तलवारें और 113 कारतूस बरामद कर चुकी है। इस अवधि के दौरान पुलिस हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, स्नैचिंग और संगठित अपराधों में शामिल कुल 57 कुख्यात बदमाशों को जेल भेज चुकी है। अभी ताजा मामले में शनिवार को ही पुलिस ने चिम्मो क्षेत्र से पुलिस ने मंजीत सिंह उर्फ मनी व गुरसिमरन दीप सिंह उर्फ गुरी से तीन देसी कट्टे, एक पिस्टल तथा तीन कारतूस बरामद किए। इसके अलावा शनिवार को ही फतेहाबाद के भाटिया कॉलोनी निवासी नितिन उर्फ मोगी को काबू करके एक पिस्टल व दो कारतूस बरामद किए।

गांव रोहेड़ा में सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जूडो में माफी, कुश्ती में वंशिका ने मारी बाजी

कैथल, 23 नवंबर (हप्र)

कैथल के रोहेड़ा में मुख्य अतिथि के साथ विजेता खिलाड़ी। -हप्र

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन गांव रोहेड़ा में हुआ। कबड्डी, कुश्ती, रस्साकसी, वॉलीबाल, क्रिकेट, जूडो व अन्य खेल प्रतियोगिता के दौरान चेयरपर्सन नगरपालिका कलायत बबीता रानी, सुशील पंचाल, अनिल मलिक, कुलविंदर राणा, राकेश कुमार, मंदीप सिंह, अजीत चहल, गुड्डी राणा, सतविंदर राणा उर्फ काका, मुकेश कुमार, जयवीर राणा, गुरनाम कसान, डॉ. संदीप राणा, नीरज रोहेड़ा, अरुण कुमार, ताराचंद गोस्वामी, सतपाल शर्मा, विकास रोहेड़ा, कमल राणा, जसवंत, गुरमीत, डॉ. सतनाम कोच, सांसद नवीन जिन्दल कार्यालय कैथल प्रभारी रविंदर धीमान, सांसद के हलका कलायत प्रभारी वीरेन्द्र सारण और सांसद के हलका गुहला प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

लड़कियों की जूडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर माफी, रितु, गुंजन, रेखा, रितिका, दीपिका, एकता, अंजू, दर्शन रही। द्वितीय स्थान पर प्रीति, खुशी, नेहा, तनु, मधु, निशु, प्रिया, ज्योति, तेजस्वी रही। लडकों की जोड़ो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहित, लकी, प्रिंस, मोहित, हरजीत, साहिल, विजय, ऋषिपाल, सोनू, द्वितीय स्थान पर विशाल, सूर्यांश, प्रतीक, अमरजीत, संजू, राकेश, राहुल, प्रिंस, राहुल रहे।

लड़कियों की कुश्ती में प्रथम स्थान पर वंशिका, प्रीति, एकता, प्रीति, दिशा, दीपांशी, यासमीन, शीतल, माफी, रानी रही। द्वितीय स्थान पर ज्योति, माही, अनुराधा, गरिमा, मन्नू, अंजलि जागलान, ज्योति सुजल संजना, मधु रही। लड़कों की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राहुल, धोनी, अमनदीप, राकेश, राजवीर, भूरिया, विजय, सोनू, सुमित, गुरजोत, द्वितीय स्थान पर गर्व, कुलबीर, अनुज, अक्षय, विकास, दीपक, विकास, सलिंदर, सुशील, रजत रहे।

लड़कों की रस्साकसी में प्योदा प्रथम, नंदकरण माजरा दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों के रस्साकसी प्रतियोगिता में रोहेड़ा प्रथम तथा सोंगरी गुलियाना द्वितीय स्थान पर रहा। लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता में रोहेड़ा खेलो इंडिया केंद्र प्रथम, द्वितीय स्थान पर रोहेड़ा स्टेडियम रहा। लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में सोंगरी गुलियाना प्रथम तथा रोहेड़ा गांव द्वितीय स्थान पर रहा। लड़कों की क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहेड़ा गांव तथा दूसरे स्थान पर किठाना गांव रहा। लड़कियों के क्रिकेट प्रतियोगिता में प्योदा गांव प्रथम स्थान पर, हरसोला गांव द्वितीय स्थान पर रहा।

लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सखी, अंजलि, मेनका, मुस्कान, पुष्पा, कीर्ति, द्वितीय स्थान पर प्रीति, मंजू, खुशी, अंजलि, मोनिया, हरप्रीत, राधिका रही। लड़कों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिंस, रविंदर, मोनू, प्रवेश, अभिषेक, कुशल, करिषेन्दू, द्वितीय स्थान पर अजय, सुमित, शुभम, अभिषेक, अरुण, क्रिसेंद्र कुशल रहे।

लड़कों की वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ग्राम पंचायत हरसोला, द्वितीय स्थान पर नरड़ अंचल स्कूल नरड़, लड़कियों की वॉलीबाल प्रतियोगिता में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंगरी प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर गांव सोंगरी रहा।

लड़कों की रस्सीकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आरव बिड़ान गांव सोंगरी गुलियाणा, द्वितीय स्थान पर पुनीत सिससमोर रहा। लड़कियों की रस्सीकूद प्रतियोगिता में सिससमोर गांव की मेनका प्रथम स्थान पर, सौंगल की जसमीन द्वितीय स्थान पर रही।

pnb Housing
Finance Limited
Ghar Ki Baat

परिशिष्ट IV-ए- अचल प्रापर्टियों की ई-नीलामी सार्वजनिक सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के रूल 8 (6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, केजी मार्ग, नयी दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

ब्रांच आफिस करनाल : एससीओ 218-219, दूसरी मंजिल, सेक्टर-12, पार्ट-1, सिटी सेंटर हूडा, करनाल-132001

सर्वसाधारण व विशेषतः कालम नं. ए में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कालम नं.-डी में वर्णित अचल प्रापर्टियां सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज्ड हैं, जिसका मै. **पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL)** के अधिकृत अफसर/सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा (कालम नं.-सी में वर्णित) कन्सट्रक्टिव/फिजिकल कब्जा ले लिया गया है और इन्हें निम्न विवरणानुसार ''जैसे है जहां है'' ''जो भी है'' आधार पर बेचा जाएगा। अंततम संशोधित सिक्योरिटी इंट्रस्ट एनफोर्समेंट रूल्ज़, 2002 के रूल 8(6) और 9(1) अधीन कालम-ए में वर्णित संबंधित कर्जदारों/मोर्टगेजरों (अब मृतक), जैसा भी मामला हो, के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (मालूम या नामालूम), एग्जीक्यूटर, प्रशासक, उत्तराधिकारियों, एसाइनियों को नोटिस जारी किया जाता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों, प्रतिबंध के लिए **मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड/सुरक्षित क्रेडिटर की वेबसाइट www.pnbhousing.com**पर प्र दान किए लिंक का अवलोकन करें।

लोन नं./ कर्जदार का नाम सह-कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस का नाम (ए)	अपेक्षित राशि एवंतिथि (बी)	कब्जे की किस्म (सी)	गिरवी प्रापर्टी का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली जमा करानेकी अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ अदालती मामले, यदि हों (के)
NHL/KAR/0415/ 216695 सिन्हा साहिब लूथरा सीमा रानी लूथरा बी.ओ. : करनाल	रु. 16,49,077.63/- & 14.02.2024	भौतिक कब्जा	मकान जिसका क्षेत्रफल 100 वर्ग गज है, संपत्ति आईडी संख्या 386C530U74 है, खसरा संख्या 60 में शामिल है, मौजा मुंडा माजरा में स्थित है, जिसे आजाद नगर, गली नंबर 0 सी, चौधरी कालोनी, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा 136001 के रूप में भी जाना जाता है, सीमा रानी के पक्ष में दिनांक 11.03.2002 को बिक्री विलेख संख्या 9050 द्वारा पंजीकृत है, सीमाएंः उत्तर 15 फुट रोड, दक्षिण : 15 फुट अन्य की संपत्ति, पूर्व : 60 फुट अन्य की संपत्ति, पश्चिम : 60 फुट अवतार सिंह।	रु. 1927000	रु. 192700	29.12.2025	रु. 10,000.00	12.12.2025 सुबह 10.00 बजे - शाम 5.30 बजे	30.12.2025 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न	उधारकर्ता ने डीआरटी II चंडीगढ में एसए संख्या 7/2025 दायर की है जिसकी अगली तिथि 24/11/2025

*** भुगतान की तिथि तथा/या उसकी वापसी तक खर्च हुए आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज़ इत्यादि सहित लागू होने के अनुसार 18% वार्षिक भविष्य के ब्याज सहित। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार कालम नं.-K में वर्णित को छोड़कर उक्त अचल/सुरक्षित परिसम्पत्ति के संबंध में कोई भी दायित्व/दावा नहीं है। इस तरह के किसी भी उजागर होने वाले दायित्व का भुगतान सफल खरीददार/बोलीदाता को खुद करना होगा। प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाताओं को प्रार्थना की जाती है कि वे उक्त दायित्वों की स्वतंत्र रूप में जांच कर लें।**

1. आज तक, कालम नं. के में वर्णित उक्त अचल प्रापर्टीज़/सुरक्षित परिसम्पत्ति को बेचने, पृथक करने तथा/या निपटारा करने से पीएनबी एचएफएल के अधिकारी पर कोई भी रोक आदेश तथा/या न्यायालय आदेश नहीं है। 2. प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां पेशकश देने या निविदा/बोली आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व कालम नं.-के में वर्णित प्रक्रिया/पारित आदेशों आदि, यदि हो, जोकि PNBHFL के पास उपलब्ध दस्तावेजों के टाइटल तक ही सीमित नहीं है, की प्रक्रियाओं का स्वतंत्र निरीक्षण कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली प्रपत्र सहित इस नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबंधों पर हस्ताक्षर करना होगा। 3. कृपया नोट करें कि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(3) के अनुरूप, बोलीदाता/खरीदार उसी दिन या अधिकतम अगले कार्यदिवस को बिक्री मूल्य का 25% (धरोहर राशि, यदि कोई जमा करवायी गई हो, सहित) जमा करवाने के लिए कानूनी तौर पर बंधक है। बिक्री की पुष्टि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित क्रेडिट द्वारा बिक्री कीमत के 25% की प्राप्ति के बाद ही बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर खरीददार द्वारा जमा करवाया जाए, अन्यथा प्रापर्टी/सुरक्षित परिसम्पत्ति को सरफेसी एक्ट की व्यवस्थाओं के अनुरूप पुनः बेचा जाएगा। **4. मै. 4 क्लोज़र, कार्पोरेट कार्यालय 605ए, 6वीं मंजिल, मैत्रीवनम, अमीरपेट, हैदराबाद-500038, वेबसाइट- www.bankauctions.in ई-नीलामी द्वारा बिक्री आयोजित करने में अधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। प्रापर्टी के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित सहायता हेतु तथा किसी अन्य पूछताछ हेतु या रजिस्ट्रेशन हेतु आपको निम्न से को-आर्डिनेट करना होगा। राहुल दुआ, टोल फ्री : 1800-120-8800, ईमेलः auction@pnbhousing.com, पीएनबी एचएफएल के अधिकृत व्यक्ति या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थान : करनाल, दिनांक : 24.11.2025

हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फायनांस लिमिटेड।